शीर्ष प्राथमिकता/तत्काल

संख्या-31/254/78-1-2014-35/2012टीसी

प्रेषक,

बी0पी0 सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यपूीएलसी, लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊः दिनांक 12 मार्च, 2014

विषयः- चक गंजरिया परियोजना, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ हेतु उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनापत्ति के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित शर्तो का अनुपालन किये जाने हेतु शपथ-पत्र प्रस्तुत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक-139/एए/सी0जी0/2014, दिनांक 06-03-2014 एवं संलग्न शपथ-पत्र के नमूने की छायाप्रति का कृपया संदर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें।

2- इस संबंध में शासन के पत्र संख्या-156/78-1-2013-35/2012टीसी, दिनांक 26-02-2014 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वांछित सूचना अभी तक शासन में अप्राप्त है। कृपया पत्र में की गयी अपेक्षानुसार विशेष सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शपथ-पत्र तैयार कराकर शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे उसे लखनऊ विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सके।

संलग्न-यथोपरि।

भवदीय,

(बी0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in